Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 02-03-2006

Participants : Tirath Smt. Krishna

an>

Title : Regarding need to take steps to stop demolition of houses in Delhi and bring a new Master Plan for the city.

श्रीमती कृणा तीरथ (करोलबाग) : महोदय, दिल्ली में तोड़फोड़ को लेकर आम जनता की समस्या का समाधान हमें तुरंत निकालना चाहिए, क्योंकि बहुत मेहनत से एक आम व्यक्ति पैसा कमा कर आशियाना बनाता है और चूंकि रोजगार शहरी क्षेत्रों में नहीं है तो फिर छोटी मोटी दुकान भी चलाकर अपना गुजारा करता है। जिससे वह अपना जीवन यापन करता है, किंतु वह आज भयभीत हे कि उसे उजाड़ा जा रहा है। इस डर को समाप्त करने के लिए मेरी भारत सरकार से मांग है कि वह दिल्ली जैसे राज्य के लिए तुरंत कोई ठोस कदम उठा कर नियम बना दें और इस तोड़फोड़ पर व्यवस्था के अनुसार रोक लगाये तथा दिल्ली का मास्टर प्लान भी जल्दी से जल्दी लाकर लोगों को राहत दें।